सेवक लाए हैं भँगिया

सेवक लाए हैं भँगिया, भोले बाबा छान के,
भर भर के लौटा पी ले, मस्ती में तान के,
सेवक लाए हैं भँगिया, भोले बाबा छान के,
भर भर के लौटा पी ले, मस्ती में तान के ॥

बड़े जतन से हौले हौले, भाँग तेरी घुटवाई,
भाँग तेरी घुटवाई, केसर पिस्ता ख़ूब मिलाया,
छान लेइ ठंडाई, छान लेइ ठंडाई,
हमरी भी रख ले बतियाँ, सेवक तू जान के,
भर भर के लौटा पी ले, मस्ती में तान के.......

गौरा मैया के हाथोँ से, भाँग सदा तू खाएँ,
भाँग सदा तू खाए, तेरे सेवक बड़े प्रेम से,
भांग घोट के लाए, भांग घोट के लाएं,
सावन की बूंदें थिरके, रिम झिम की ताल पे,
भर भर के लौटा पी ले, मस्ती में तान के.......

और देव होते तो लाते, भर भर थाल मिठाईं,
भर भर थाल मिठाई, लेकिन भोले बाबा तुझको,
भांग सदा ही भायी, भांग सदा ही भायी,
हर्ष दया का भोले, हमको भी दान दे,
भर भर के लौटा पी ले, मस्ती में तान के,
सेवक लाए हैं भँगिया, भोले बाबा छान के,
भर भर के लौटा पी ले, मस्ती में तान के.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23257/title/sewak-laaye-hai-bhangiya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |